दिन– शनिवार दिनांक– 08 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा भारी बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। पार्टी ने पंद्रह सीटों पर जीत दर्ज की है, जबकि बत्तीस पर आगे चल रही है। वहीं, आम आदमी पार्टी ग्यारह सीटें जीत चुकी है और बारह पर बढ़त बनाए हुए है। आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सोमनाथ भारती, सौरभ भारद्वाज, सत्येंद्र जैन और अवध ओझा को हार का सामना करना पड़ा है। निवर्तमान मुख्यमंत्री आतिशी ने जीत दर्ज की है।

——————————————————————

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर प्रसन्नता जताई है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री मांझी ने कहा कि दिल्ली के लोगों ने विकास के मुद्दे पर भाजपा को चुना है। उन्होंने कहा कि अब विपक्ष ईवीएम पर अपनी हार का ठीकरा फोड़ेगा।

——————————————————————

इधर, दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर जदयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा कि दिल्ली की जनता पहले से ही आम आदमी पार्टी को हराने का मन बना चुकी थी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि पूर्वांचल के लोगों का अपमान आम आदमी पार्टी को भारी पड़ा। भाजपा नेता और राज्य सरकार के मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि दिल्ली की जीत में बिहार की जनता का संदेश छिपा है कि दो हजार पच्चीस में फिर से राज्य में एनडीए की सरकार बनेगी।

——————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के ऊर्जा स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में कृषि विभाग के तहत विभिन्न पदों पर चयनित एक हजार सात अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। श्री कुमार ने चौवन अनुमंडल कृषि पदाधिकारी और आठ सौ

तिरेपन प्रखंड कृषि पदाधिकारियों के बीच नियुक्ति पत्र वितरित किये। एक अन्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पटना स्थित आईजीआईएमएस अस्पताल भवन के दो ब्लॉक का उद्घाटन किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और स्वास्थ्य तथा कृषि मंत्री मंगल पांडेय मौजूद थे।

———————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के न्यासी कामेश्वर चौपाल का आज अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव सुपौल जिले के कमरैल में किया गया। उनके पुत्र विद्यानंद विवेक ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव और पीएचईडी मंत्री नीरज कुमार बब्लू समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता शामिल हुए।

———————————————————

तेज पछुआ हवा के कारण प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। धूप खिलने के बावजूद ठंड का असर बना हुआ है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा। उसके बाद अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी का पूर्वानुमान है। सुबह के समय राज्य के उत्तरी हिस्सों में कई जगहों पर हल्के से मध्यम स्तर का कुहास छाये रहने की संभावना है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान छह डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ बांका राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान बारह दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————

भागलपुर जिले के नवगछिया अनुमंडल के जहाँगीरपुर बैसी में कोसी नदी में हो रहे कटाव के कारण लोगों में दहशत का माहौल है। कई जगहों पर जमीन धंस गई है। दर्जनों घर के कोसी की धारा में समाने की आशंका जताई जा रही है।

———————————————————

अररिया की पॉक्सो अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दोषी राजकुमार यादव को आजीवन कारावास और पचास हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————

पटना के घोसवरी थाना क्षेत्र अंतर्गत गोसाईं गांव से पुलिस ने कुख्यात अपराधी बब्लू यादव को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से एक सेमी ऑटोमेटिक राईफल और कारतूस बरामद किये गये।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।